**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**04.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे**

**''ख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 2 हजार से अधिक पदों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र होगी शुरू।
- राज्य में वन क्षेत्र को विस्तार देने व संरक्षित करने के लिए महिला व युवक मंडलों को प्रोत्साहन राशि देगी प्रदेश सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई– भाजपा विधानसभा के बजट सत्र में उठाएगी मुददा।
- सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले दस वर्षों में 54 करोड़ लोगों के खोले बैंक खाते।

**अब समाचार विस्तार से..........**

**सीएम–बैठक**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंत्रीमण्डल की बैठक में अनुमोदित 6 पोस्ट कोड के 6 सौ 60 पदों के परिणाम शीघ्र घोषित करने के निर्देश दिए हैं। आज शिमला में राज्य चयन आयोग हमीरपुर की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने विभिन्न विभागों, बोर्डों और निगमों के 2 हजार से अधिक पदों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने को कहा है। इन पदों में वे पद भी शामिल हैं, जो पूर्व हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग द्वारा विज्ञापित किए गए थे। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने आयोग को हाल ही में प्राप्त नए अधिसूचित पदों को भरने को भी कहा है। उन्होंने एचपीआरसीए को उन उम्मीदवारों को दो वर्ष की आयु छूट प्रदान करने को कहा जो विभिन्न कारणों से आवेदन करने से वंचित रह गए थे। उन्होंने आयोग को अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवेदन प्रक्रिया के लिए 20 मार्च तक वन टाइम रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल विकसित करने के निर्देश दिए।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में वन क्षेत्र को विस्तार देने और संरक्षित करने के लिए महिला मंडलों, युवक मंडलों, स्वयं सहायता समूहों व पंचायतों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज वन विभाग की विभिन्न योजनाओं व परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वन संरक्षण में सेवा प्रदान करने के लिए महिला व युवक मंडलों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि नव नियुक्त वन मित्रों को नियुक्ति पत्र शीघ्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार वन मित्रों को वर्दी और अन्य संबंधित सामग्री के लिए 6 हजार रुपये प्रदान करेगी।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में लाहौल–स्पीति के प्रसिद्ध हिन्दी कवि अजेय द्वारा लिखित 'रोहतांग आर–पार' पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर लेखक के प्रयासों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक हिमालय में बसने वाले लोगों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की जानकारी उपलब्ध करवाने वाला दस्तावेज साबित होगी।

**जगत सिंह नेगी**

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि बागवानों की आर्थिकी में वृद्धि करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सोलन जिला के कोठों में आज युवा क्रांति बुनियादी प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करने के बाद स्थानीय लोगों व बागवानों से विचार विमर्श के दौरान उन्होंने ये बात कही। जगत सिंह नेगी ने कहा कि करीब एक हजार दो सौ हैक्टेयर क्षेत्र में कटिबंधीय फलों के उच्च घनत्व वाले वृक्षों का रोपण किया जा रहा है जिससे 80 किसान समूहों के लगभग साढ़े 6 हजार परिवार लाभान्वित होंगे।

**मुकेश अग्निहोत्री**

रिसोर्स मोबलाइजेशन के लिए गठित कैबिनेट सब कमेटी की बैठक आज शिमला में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कृषि मंत्री चंद्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी और ग्रामीण विकास व पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी मौजूद रहे। बाद में कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने बताया कि बैठक में सरकार की आय बढ़ाने पर मंथन करने के अलावा इस संबंध में एक रोडमैप तैयार किया गया।

**कुलदीप राठौर**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता कुलदीप सिंह राठौर ने केंद्र सरकार पर भारत को मिली 21 मिलियन डॉलर की ऐड के दुरूपयोग का आरोप लगाया है। आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने इस पैसे का महाराष्ट्र चुनाव में दुरूपयोग करने की आशंका जताई है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के समय एक हजार एक सौ 34 करोड़ रूपए की बागवानी परियोजना हिमाचल के लिए आई थी लेकिन पूर्व भाजपा सरकार द्वारा इस धनराशि का सही उपयोग नहीं किया गया। कुलदीप सिंह राठौर ने इस मामले की जांच की मांग की है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और हर दिन हत्याओं व दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं। मंडी में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार के मुखिया की प्राथमिकता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा के बजट सत्र के दौरान भाजपा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था का मुद्दा जोर–शोर से उठाएगी। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस हमेशा सनातन विरोधी रही है और मुख्यमंत्री व उप–मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में स्नान करने के बावजूद भी अपने सनातन विरोधी सोच को नहीं बदला।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा है कि केन्द्र में मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में बैंकिंग सेवा सुलभ हुई है। वे आज बिलासपुर जिले के झंडूता विधानसभा क्षेत्र के भडोली कलां में भारतीय स्टेट बैंक की नई शाखा का उद्‌घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 54 करोड़ लोगों के बैंक खाते खोले गए और कांग्रेस के तमाम विरोधों के बाद भी आज जन–धन खातों में 2 लाख करोड़ से ज्यादा रुपये जमा हैं।

**नरदेव कंवर**

हिमाचल प्रदेश भवन व अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने आज शिमला में बोर्ड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बोर्ड के लिए उपकर संग्रह बढ़ाने पर चर्चा की गई। नरदेव सिंह कंवर ने श्रम अधिकारियों से अधिकतम उपकर संग्रह करने के लिए गहन निरीक्षण करने के महत्व पर बल दिया।

**शिलान्यास**

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने सिरमौर जिला के सरांहा में 10 करोड़ 71 लाख रूपए की लागत से बनने वाले न्यायिक अदालत परिसर का आज वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस परिसर के बनने से लोगों को न्याय सुविधा मिलने में आसानी होगी।

**प्रदर्शन**

केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता एक्ट में किए जा रहे संशोधन को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिला न्यायालयों में अधिवक्ताओं ने आज धरना प्रदर्शन किया। सोलन जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए इस एक्ट में हो रहे संशोधन को वकीलों के खिलाफ बताया। जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक भारद्वाज ने बताया कि उन्होंने सरकार से अधिवक्ता प्रोटेक्शन की मांग की थी लेकिन ये संशोधन बिल उनके उपर थोपा गया है। उन्होंने केंद्र सरकार से इस बिल को वापिस लेने की मांग की है।

**जनकराज**

पांगी भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि पांगी घाटी में अधिक बर्फबारी होने से कई मार्ग अवरूद्ध हैं। उन्होंने ऐसे स्थिति में लोगों को आवश्यक होने पर ही घरों से निकलने की सलाह दी है। जनकराज ने कुमार पंचायत में हिमस्खलन से क्षतिग्रस्त मकान मालिकों नेक सिंह, सुरेंद्र और अश्विनी को राहत व भोजन सामग्री भेजने और मूलभूत सुविधाओं को जल्द सुचारू बनाने की सरकार से मांग की है।

**'' ,ख्य समाचार एक बार फिर''**

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से 2 हजार से अधिक पदों की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र होगी शुरू।
- राज्य में वन क्षेत्र को विस्तार देने व संरक्षित करने के लिए महिला व युवक मंडलों को प्रोत्साहन राशि देगी प्रदेश सरकार।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमराई– भाजपा विधानसभा के बजट सत्र में उठाएगी मुददा।
- सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले दस वर्षों में 54 करोड़ लोगों के खोले बैंक खाते।